www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-224 | सागवाड़ा, गुरूवार, 21 अप्रेल, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# मिलीभगत- चारागाह भूमि को खोद कर निकाल रहे क्वार्ट्ज

## झाखरी पंचायत में अवैध खनन का मामला, जानकारी देने पर पुलिस, पटवारी और खनन विभाग की टीम पहुंची, मशीन जब्त की

**सागवाड़ा।** जिम्मेदार विभाग की मिलीभगत के चलते कराड़ा और झाखरी क्षेत्र में जगह जगह अवैध खनन का काम धडल्ले से हो रहे है। खनन माफियाओं को किसी का डर नही है। झाखरी पंचायत क्षेत्र में चारागाह भूमि पर क्कार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन हो रहा है। इस क्षेत्र में सुबह खुदाई के लिये मशीन पहुंच जाती है और रात के अंधेरे में बेशकीमती क्कार्ट्ज पत्थर का निकाले जा रहे है। झाखरी पंचायत से रामपुर जाने वाली सड़क पर शमशान घाट के सामने खसरा नंबर 1150/661 चारागाह पहाड़ी को काटर कर क्कार्ट्ज पत्थर निकाले जा रहे है। यहां बड़े पैमाने पर क्वार्ट्ज पत्थर का भंडारण किया गया है।

झाखरी पंचायत समिति के ही राजस्व गांव गड़ावासण में घुणी के पास निजी भूमि खसरा नंबर 1054 पर बनी एक पहाड़ी से क्कार्ट्ज पत्थर की खुदाई की जा रही थी। यहां एक जेसीबी, जनरेटर और विस्फोट के लिए काम में आने वाली मशनी पड़ी हुई थी। इसी तरह जेथोर फला के खसरा नंबर 928 में13 बीघा 2 बीस्वा भूमि पर बनी पहाड़ी खोदी गई है। यहां हिटाची मशीन से खुदाई का काम किया गथा था।









ग्राम पंचायत झाखरी में चारागाह भूमि पर किया गया खनन।

### पूरे क्षेत्र में जगह अवैध खनन

झाखरी कराड़ा पंचायत क्षेत्र में जगह जगह अवैध खनन हो रहा है। इसकी जानकारी जब आज खनन विभाग, तहसीलदार और पुलिस को दी गई तो सभी मौके पर पहुंचे। अवैध खनन में बड़े-बड़े क्कार्ट्ज पत्थर निकाले जा रहे हैं जो गुजरात जा रहे है। स्थानीय लोगों बताया गया है कि यहां रात को 12 से 4 के बीच में यह खनन होता है यहां से बड़े-बड़े ट्रकों में भरकर ले जाया जाता है। खनन विभाग डूंगरपुर की फोरमेन मीनाक्षी व्यास ने बताया कि झाखरी में अवैध खनन की सूचना मिली थी। मौके से चार मशीन जब्त की है। जिसमें एक एल एनटी, कंप्रेसर, डीजी, और वायरशा मशीन जब्त कर सरोदा चौकी में रखवाएं गए है। भूमि संबंधित कार्यवाही के लिये पटवारी से रिपोर्ट मांगी है। करीब 4 लाख 47 हजार जुर्माना लगाया गया है।

# भाई के बाद अस्पताल में भर्ती घायल बहन की भी मौत, परिवार में मातम

**डूंगरपुर।** ट्रेलर की टक्कर से भाई की मौत के बाद अस्पताल में भर्ती घायल बहन की भी 24 घंटे में मौत हो गई। दोनों भाई बहन मौसी के घर शादी में जा रहे थे और रास्ते में ये हादसा हुआ था। भाई बहन की मौत के बाद से परिवार में मातम का माहौल है। सदर थानाधिकारी हजारीलाल ने बताया की बयोडा निवासी शंकर रोत ने केस दर्ज करवाया था। इसमें बताया था की उसका बेटा बंशीलाल रोत ओर बेटी जशोदा रोत पत्नी बंशीलाल डामोर निवासी बोर का तालाब दोनों बाइक से मौसी के घर रातापानी शादी के जा रहे थे। रास्ते में शंकर घांटी में ट्रेलर की टक्कर से भाई बंशीलाल की मौत हो गई थी। जबकि बहन जशोदा को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कर इलाज चल रहा था। इलाज दौरान आज गुरुवार सुबह बहन जशोदा की भी मौत हो गई। 24 घंटे में भाई के बाद दूसरे दिन बहन दोनों की मौत से परिवार में मातम पसर गया। परिवार व रिश्तेदार के लोग मोर्चरी के बाहर एकत्रित हो गए। पिता की दर्ज रिपोर्ट में ही बेटी की मौत का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# विप्र फाउण्डेशन का पहला सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार 5 मई को

**सीमलवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन चौरासी की ओर से पहला सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम 5 मई को आयोजित होगा जिसके सफल क्रियान्वयन को लेकर अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है चौरासी अध्यक्ष जयेश पंड्या ने बताया कि समाज में समरसता तथा एकजुटता के साथ साथ अपनी संस्कृति यज्ञोपवीत संस्कार के सफल आयोजन के लिये कार्य विस्तार के क्रम में कमेटियों की घोषणा की गई। विप्र फाउडनेशन चोरासी एवम त्रिमेस सामूहिक यज्ञोपवीत समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रथम सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार को सफल आयोजन किया जा सके। मार्गदर्शन कमेटी, भोजन कमेटी, जल एवं व्यवस्था कमेटी, स्टेट एवं स्वागत कमेटी, टेंट कमेटी, जनोई एवं मंडप कनेटी, सूचना प्रसारण कमेटी का गठन कर अहम जिम्मेदारियां सौंपी है।

# राठौड़ के 67 वें जन्मदिन पर डूंगरपुर में रक्तदान शिविर

**डूंगरपुर।** राजस्थान विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के 67 वे जन्मदिन पर डूंगरपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित हुए शिविर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने 7 यूनिट रक्तदान किया। वही 110 कार्यकर्ताओ ने रक्तदान के लिए संकल्प पत्र भरे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या ने ब्लड बैंक पहुचकर रक्तदाताओ का हौसला बढाया साथ ही उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की।

# आईटीआई स्टूडेंट को शादी का झांसा देकर रेप

## फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे 5 लाख, केस दर्ज

**डूंगरपुर।** आईटीआई स्टूडेंट ने शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप का केस दर्ज करवाया है। लड़की के फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए भी मांगे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया की वरदा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है की 20 जनवरी को वह आईटीआई डूंगरपुर में मार्कशीट लेने आई थी। आईटीआई के पास सुनसान जगह पर आरोपी हरीश अहारी पुत्र मणिलाल अहारी निवासी गैमरिया देवला आया। उसे जबरन पकड़ लिया और मुंह दबाकर टेंपो में बैठा दिया। उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ रेप किया। इस दौरान आरोपी हरीश ने उसके फोटो ले लिए। इसके बाद आरोपी हरीश ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया।

पीड़िता ने बताया की आरोपी हरीश ने कई दूसरी लड़कियों के साथ संबंध बनाना शुरू कर दिया। जब उसने रोका तो वह उसे भी अपने दोस्तो के साथ संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। वही फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की मांग करने लगा। रुपए नहीं देने पर फोटो और वीडियो कुछ नंबरों पर भेज दिए। एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया की लड़की की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के घर के बाहर से बाइक चोरी

**डूंगरपुर।** शहर के प्रगतिनगर में डूंगरपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के घर के बाहर से बुधवार देर रात को बाइक चोरी की वारदात हुई। यह पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमे एक युवक बाइक को चोरी कर ले जाते हुए नजर आ रहा है। दरअसल बस्सी हाल शहर के जयहिंद नगर निवासी लक्ष्मीलाल जैन बुधवार रात करीब 10 बजे डूंगरपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओर उनके रिश्तेदार भरत नागदा के घर मिलने प्रगति नगर गए थें। उनकी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद रात करीब 11.10 बजे लक्ष्मीलाल जैन वापस अपने घर जाने बाहर निकले तो बाइक गायब देखकर चौंक गए। लक्ष्मीलाल जैन, भरत नागदा समेत कई लोगों ने आसपास तलाश की लेकिन बाइक का पता नहीं लगा। इस पर भरत नागदा ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी में देखा तो 11.03 बजे एक युवक घर के बाहर घूमते हुए दिखाई दिया। वही युवक कुछ देर बाद बाइक को चोरी कर ले जाते हुए भी साफ नजर आ रहा है। यूवक बाइक को स्टार्ट नही कर धक्का देकर ले जा रहा है, ताकि किसी को पता नहीं लगे। इसके बाद युवक बाइक को लेकर सदर थाना सर्किल की तरफ ले जाने का भी पता लगा है। भरत नागदा ने बताया की सर्किल पर बैठे पुलिसकर्मियों से भी पूछा तो उन्होंने एक युवक के बाइक को धक्का देकर ले जाते हुए देखा है। युवक से पूछा तो पेट्रोल खत्म होना बताकर बस स्टैंड को और गया हैं। रातभर बाइक की तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं लग सका है।

# PK कांग्रेस में शामिल होंगे ?



**नई दिल्ली।** प्रशांत किशोर (PK) 29 अप्रैल को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। भास्कर को दिए इंटरव्यू में PK ने कहा था कि वह 2 मई तक अपनी अगली भूमिका का ऐलान करेंगे। PK ने कांग्रेस की वापसी के लिए 600 स्लाइड्स का प्रेजेंटेशन तैयार किया है। बताया जा रहा है कि अभी किसी ने भी पूरा प्रेजेंटेशन नहीं देखा है। कांग्रेस को मजबूत करने के लिए राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पार्टी को जो टिप्स दिए हैं, वे अब बाहर आने लगे हैं। सोनिया के साथ मीटिंग के दौरान राहुल और प्रियंका गांधी भी मौजूद थे। PK का प्रेजेंटेशन कांग्रेस के कुछ चुनिंदा लीडर्स को ही दिया गया है। उनसे इस पर दो फीडबैक मांगे गए हैं। पहला- प्रेजेंटेशन कैसा है। दूसरा- प्रशांत को कांग्रेस में शामिल किए जाने के बारे में है। इस प्लान को कांग्रेस 2.0 कहा जा रहा है। NDTV के मुताबिक, प्लान में 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने पर फोकस किया गया है। प्लान में 1984 से 2019 के बीच कांग्रेस के सिलसिलेवार कारणों का भी जिक्र है। सोनिया कांग्रेस प्रेसिडेंट बनें। एक वर्किंग प्रेसिडेंट या वाइस प्रेसिडेंट गांधी परिवार से बाहर का होना चाहिए। राहुल गांधी को पार्लियामेंट्री बोर्ड का चीफ बनाया जाना चाहिए। नॉन गांधी वर्किंग या वाइस प्रेसिडेंट सीनियर लीडरशिप के आदेशों का पालन करे। नई कांग्रेस को आम नागरिकों के बीच पैठ बनानी होगी। इस दौरान अपने सिद्धातों का पालन करना होगा। सहयोगियों को भरोसे में लेना होगा। भाई-भतीजावाद से दूर रहकर 'एक परिवार-एक टिकट' के फॉर्मूले पर चलना होगा। हर स्तर पर चुनाव के जरिए ही पार्टी प्रतिनिधि चुने जाएं। प्रेसिडेंट और वर्किंग कमेटी समेत हर पोस्ट के लिए कार्यकाल तय हो। 15 हजार जमीनी नेताओं के साथ 1 करोड़ कार्यकर्ता मुस्तैदी से काम करें। करीब 200 प्रभावी लोगों, एक्टिविस्ट्स और सिविल सोसायटी के लोगों का ग्रुप बनाया जाए। इतना ही नहीं उन्होंने गठबंधन से जुड़े मुद्दे को सुलझाने और पार्टी के कम्युनिकेशन सिस्टम में बदलाव करने की जरूरत पर भी जोर दिया है।

# फर्जी परीक्षा दिला कर फर्जी मार्कशीट देने का आरोप

## पीड़ित अभ्यर्थियों ने परिष्कार इंस्टीट्यूट के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

**सीमलवाड़ा।** निजी एजुकेशन से धोखा खाए शिक्षक अभ्यर्थियों ने कलक्टर को ज्ञापन देकर धोखाधड़ी करने वाले इंस्टीट्यूट के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।जनजाति बाहुल जिला शिक्षा के क्षेत्र में धोखाधड़ी का केंद्र बनते हुए नज़र आ रहा है । सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने की चाह रखने वाले धोखाधड़ी का शिकार हो रहे है। रीट परीक्षा 2021 के कुछ दिन पहले नकल करवाने वाली बड़ी गैंग का खुलासा होने के बाद जिले में फर्जीवाड़े के मामले सामने आए और गुरवार को जिले के सीमलवाड़ा उपखंड क्षेत्र के कुछ शिक्षक अभ्यर्थीयो ने जिले के एक निजी शिक्षण इंस्टीट्यूट द्वारा उनके साथ की गई धोखाधड़ी होने को लेकर पोल ज्ञापन के माध्यम से जिला कलक्टर को देकर खोली। पीड़ित शिक्षक अभ्यर्थियों में महेंद्र सिंह डामोर, महिपाल डामोर सहित ने ज्ञापन सौंपा। डूंगरपुर शहर और सीमलवाड़ा कस्बे में चल रहे परिष्कार इंस्टीट्यूट द्वारा कई अभ्यर्थियों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया।पीड़ित और आक्रोशित शिक्षक अभ्यर्थियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर कथित इंस्टीट्यूट के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही करने की माँग कर राहत देने की गुहार लगाई। पीड़ित छात्र महिपाल डामोर, महेंद्र डामोर सहित ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि रीट भर्ती परीक्षा में पीड़ित अभ्यर्थियों का चयन हो गया था उनके डाक्यूमेंट्स सत्यापन मैं उनकी मार्कशीट फर्जी पाई गई है। परिष्कार ग्रुप ऑफ एजुकेशन सेंटर द्वारा फर्जी परीक्षा दिला कर फर्जी मार्कशीट देने का आरोप लगाया है। जिसमें बताया कि सिंघानिया यूनिवर्सिटी से जानकारी लेने पर बताया कि सेकंड ईयर मैं उक्त अभ्यर्थियों कि कोई फीस जमा नहीं है, नहीं कोई आवेदन जमा है । पीड़ित अभ्यर्थियों ने उक्त इंस्टिटट के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



# फिर लौटा कोरोना का खौफ

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की चौथी लहर का खतरा फिर बढ़ने लगा है। जयपुर में बुधवार को मिले 21 पॉजिटिव केस में से 4 बच्चे भी शामिल हैं। इनकी उम्र 18 साल से कम है। इसमें से 2 स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हैं। शुक्र है कि बच्चों में गंभीर लक्षण नहीं हैं। सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। वहीं, एसएमएस स्कूल में एक बच्चे के पॉजिटिव मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने 8वीं तक के बच्चों की क्लास हाइब्रिड मोड पर चलाने का निर्णय किया है।

# मुख्यमंत्री नि :शुल्क निरोगी राजस्थान योजना में आ रही बाधाओं को दूर कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेशवासियों को इलाज के खर्च से चिंतामुक्त करने एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दृष्टि से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। एक अप्रेल से प्रदेश में इसका ड्राई रन किया जा रहा है। अधिकारी ड्राई रन के दौरान सामने आने वाली बाधाओं एवं कमियों को दूर करते हुए आमजन के सुझावों के आधार पर इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जिस भावना के साथ यह योजना शुरू की गई है, उसका पूरा लाभ लोगों को मिले। गहलोत गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना एवं प्रदेश में कोविड संक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को ओपीडी एवं आईपीडी में निशुल्क उपचार उपलब्ध करवाने की यह योजना वृहद् स्तर पर लागू की जा रही है, इसलिए इसकी शुरूआत में कुछ बाधाएं एवं कमियां सामने आना स्वाभाविक है, लेकिन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही बाधाएं जल्द से जल्द दूर हों। राजकीय चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए आने वाले किसी रोगी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत भर्ती होने वाले रोगियों को निशुल्क उपचार मिले और दवा आदि को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं आए, इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों से लेकर सीएचसी एवं पीएचसी स्तर तक दवाओं एवं अन्य उपकरणों की सुचारू आपूर्ति की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी राजकीय अस्पताल में मरीज से पैसे लेने या बाजार से दवा आदि लाने के लिए पर्ची लिखने की शिकायत प्राप्त नहीं हो। अस्पताल प्रशासन स्वयं दवाओं आदि का प्रबंधन करे। मरीजों को दवा के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि किसी भी अस्पताल में लपकों या दवा एजेंट आदि की शिकायत सामने आए तो सख्त कार्रवाई की जाए। गहलोत ने कहा कि निशुल्क आईपीडी एवं ओपीडी उपचार की यह योजना राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका पूरा लाभ मिले, इसके लिए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। गहलोत ने राज्य में कोविड संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि देश के कुछ राज्यों एवं दुनिया के कई देशों में कोविड के केस फिर बढ़ने लगे हैं।

ऐसे में प्रदेश में भी ऐहतियात बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में वैक्सीनेशन पर विशेष जोर दिया जाए। प्रदेश में सभी पात्र लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने के साथ ही बूस्टर डोज लगाने के अभियान को गति दी जाए। उन्होंने कहा कि विदेशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य हो। साथ ही भीड़-भाड़ वाले कार्यक्रमों में मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करवाई जाए। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा वैभव गालरिया ने मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल ने एक प्रोटोकॉल भी तैयार किया है। शासन सचिव चिकित्सा डॉ. पृथ्वीराज ने मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना एवं कोविड संक्रमण की स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भण्डारी सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा, मुख्य सचिव उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोरा, शासन सचिव स्वायत्त शासन जोगाराम, प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल अनुपमा जोरवाल, एसीईओ स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी अमित यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

